**Email-** registrarmvsuniversity@gmail.com

# माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।

पत्रांक–माँ वि0वि0 / कु0स0का / समर्थ पोर्टल / 176 / 2025–26 दिनांक– 03 जून, 2025

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक**
समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध– माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।

**विषयः– समर्थ पोर्टल पर प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 में माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इसे अपने सूचना पट्ट पर चस्पा करवायें एवं अपने स्तर से समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु शिक्षकों / छात्र–छात्राओं / कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–यथोपरि।**

भवदीय,

03/06/2025

(सुनील कुमार सरोज)
**उप कुलसचिव**

03/06/25

**प्रतिलिपिः–**

1. मा0 कुलपति जी।
2. सम्बन्धित पत्रावली।

**उप कुलसचिव**

# समर्थ पोर्टल पर माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

- माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर से सम्बद्ध किसी भी राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र–छात्रा को सर्वप्रथम दिये हुए लिंक mvvuadm.samarth.edu.in पर जाकर समर्थ पोर्टल (SAMARTH) पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- छात्र–छात्रा रजिस्ट्रेशन के समय इस बात का ध्यान रखें कि अपना ही मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल डालें। साइबर कैफे या अन्य किसी व्यक्ति का मोबाइल नम्बर व ई–मेल न डालें, जिससे भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचा जा सके।
- रजिस्ट्रेशन के समय एक प्रवेश के लिए केवल एक ही ई–मेल का प्रयोग किया जा सकता है, जबकि मोबाइल नम्बर एक से अधिक रजिस्ट्रेशन में प्रयोग किया जा सकता है।
- रजिस्ट्रेशन के समय अपना नाम, पिता का नाम, माता के नाम की स्पेलिंग अच्छी तरह से चेक कर लें तत्पश्चात् ही फाइनल सबमिट करें।
- रजिस्ट्रेशन हेतु छात्र–छात्रा को रू0 100/– शुल्क समर्थ पोर्टल पर अदा करना होगा। जिसका भुगतान UPI, Net Banking, Debit Card, Credit Card के माध्यम से किया जा सकता है।
- शुल्क भुगतान के पश्चात् एक रजिस्ट्रेशन स्लिप जेनरेट होगी जिसे छात्र–छात्रा माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर से सम्बद्ध अपने पसंदीदा महाविद्यालय में प्रस्तुत कर प्रवेश पा सकते है।

(सुनील कुमार सरोज)
**उप कुलसचिव**
03/06/25